आज दिनांक 26 जनवरी 2024 को जे. पी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के प्रांगण में 75वीं गणतंत्र दिवस के अवसर पर जे. पी. ग्रुप ऑफ एजुकेशन के प्रशासनिक पदाधिकारी श्री एस. दिवाकर के द्वारा ध्वजारोहण किया गया। उसके उपरान्त कई तरह के सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गये। इस अवसर पर संस्थान के सचिव श्री शैलेश कुमार जी न समस्त जे. पी. परिवार को गणतंत्र दिवस की शुभकामना देते हुए अनुशासन के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होनें संविधान सभा में भूमिका निभाए हुए सभी सदस्यों के योगदानों का उल्लेख किया और कहा कि यह अवसर हमें सदैव आनुशासित जीवन जीने को प्रेरित करता है। संस्थान के पशासक श्री एस. दिवाकर जी ने भी जे. पी. परिवार के सभी सदस्यों को गणतंत्र दिवस की शुभकामनाएँ दी। संस्थान के सभी विभागों (जे. पी. शिक्षक प्रशिक्षण महाविद्यालय, जे. पी. कॉलेज ऑफ एजुकेशन, जे. पी. पॉलिटेकनिक, जे. पी. कॉलेज ऑफ फार्मेसी, जे. पी. कॉलेज ऑफ लॉ, जे. पी. इंटरनेशन स्कूल) के प्राचार्य एवं शिक्षकगण ने अपना आर्शिवचन देते हुए विद्यार्थियों को अनुशासित जीवन जीने की प्रेरणा दी।